राष्ट्रीय सेवा योजना

वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2021–22

# NSS ANNUAL REPORT

# 2021-22

कार्यालय प्राचार्य
**सेठ आर एल सहरिया राजकीय पी जी महाविद्यालय**
**कालाडेरा, जयपुर**


क्रमांक. एफ–3 (एनएसएस) अकादमिक / सकाका / 22 / 135 दिनांकः– 25.04.22

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2021–22

(1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022)

सेठ आर एल सहरिया राजकीय पी जी महाविद्यालय, कालाडेरा, जयपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सत्र 2021–22 के प्रथम माह अप्रैल 2021 में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में पक्षियों हेतु परिण्डें बांध कर उनमें समय–समय पर जल भरने का कार्य किया। महाविद्यालय परिसर में लगे पेड–पौधों की देखरेख, पानी पिलाना, निराई–गुडाई करने जैसा कार्य स्वयंसेवकों ने पूर्ण मनोयोग से किया।

माह अप्रैल से जून की अवधि में वैश्विक कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर की परिस्थिति में भी स्वयंसेवकों ने राज्य सरकार व केन्द्र सरकार के दिशानिर्देशानुसार कोविड–19 की गाईड–लाईन की पालना करते हुए अपने निवास स्थान, मोहल्ला, बस्ती गाँव में कोरोना जनजागरूकता अभियान में ऑनलाईन प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सक्रिय भागीदारी निभाई।

दिनांक 13 अप्रेल 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने जलियावाला बाग दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित ''स्वतंत्रता संग्राम एवं हमारे युवा'' विषय पर राज्य स्तरीय वेबिनार में ब्लॉक स्तरीय वी.सी. कक्ष में उपस्थित होकर भाग लिया। इस वेबिनार को माननीय मुख्यमंत्री महोदय व माननीय उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा संबोधित किया गया।

दिनांक 03 मई 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना व राजीव गांधी स्टडी सर्किल राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ''कोरोना प्रबंधन व नियंत्रण में माननीय श्री अशोक गहलोत की भूमिका'' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय वेबिनार में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। 21 मई 2021 को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर "लोकतंत्र में संवैधानिक संस्थानों की स्वायत्तता जरूरी है" विषय पर (राष्ट्रीय सेवा योजना व राजीव गांधी स्टडी सर्कल के संयुक्त तत्वावधान में) आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में प्रत्येक इकाई से 5 से अधिक सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।

माह मई 2021 में कोरोना जनजागरूकता हेतु ऑनलाईन प्लेटफार्म वाट्सअप पर समूह बनाकर मोहल्ला कोविड जनजागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने कोविड–19 की गाईडलाईन की पालना करते हुए अपने घर पर रहते हुए 5 या उससे अधिक पडोसियों के वाट्सअप ग्रुप बनाकर उसमें सोशल मीडिया पर कोरोना संबंधी अफवाहों का खण्डन करते हुए सही जानकारी देना, अपने क्षेत्र में कोरोना वैक्सीन की उपलब्धता की जानकारी देना, कोविड सेन्टर की जानकारी देना, समूह में कोरोना संबंधित सकारात्मक जानकारी देना जैसे कार्य किये है। मई माह में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती एवं स्वतंत्रता संग्राम की 75वीं वर्षगांठ के आयोजन के क्रम में दिनांक 10.05.2021 से 15.05.2021 तक "शब्दों का युद्ध कोरोना के विरूद्ध" विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा दिनांक 16.05.2021 से 21.05.2021 तक "अपनों को जगाना है, कोरोना से बचाना है" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं दिनांक 22.05.2021 से 27.05.2021 तक "स्वयं बचे, अपनों

को बचायें, कोरोना मुक्त राजस्थान बनायें" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उपर्युक्त तीनों प्रतियोगिताएं ऑनलाईन मोड पर आयोजित की गई जिनमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के परिणाम निम्न प्रकार है

| | |
|---|---|
| 1. स्लोगन प्रतियोगिता – | अविनाश यादव (प्रथम) |
| | पूजा चौधरी (द्वितीय) |
| | मनीष कुमार बगडिया (तृतीय) |
| 2. चित्रकला प्रतियोगिता – | छोटूराम कुम्हार (प्रथम) |
| | मनोज कुमार प्रजापत (द्वितीय) |
| | सुखदेव यादव (तृतीय) |
| 3. निबंध प्रतियोगिता – | गजानन्द कुमावत (प्रथम) |
| | सुमित यादव (द्वितीय) |
| | मोहित सैन (तृतीय) |

जून माह में 21 जून 2021 को "योग के साथ रहो, घर पर रहो" (Be With Yoga, Be At Home) थीम पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कोविड–19 की परिस्थिति को मध्य नजर रखते हुए ऑनलाईन मोड पर किया गया। स्वयंसेवकों ने घर पर रहकर योगाभ्यास किया तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित किया।

माह अप्रैल से जून 2021 की अवधि में कोविड–19 के रोकथाम व बचाव के लिए जन जागरूकता अभियान में स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

जुलाई माह में महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिये परिण्डों में स्वयंसेवकों ने पानी डाला एवं पेड़ पौधो में पानी दिया।

दिनांक 05.08.2021 को राज्य सरकार की "घर–घर औषधि योजना" के अन्तर्गत महाविद्यालय में ही विकसित नीम, तुलसी, अश्वगंधा आदि 100 औषधीय पौधों का स्थानीय पूर्व विधायक श्री भगवान सहाय सैनी व प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को वितरण किया गया। इन औषधीय पौधों को अपने–अपने घरों में लगाने, सार संभाल व विकसित करने का संकल्प स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं को दिलवाया गया। साथ ही इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में माननीय पूर्व विधायक व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा 100 छायादार वृक्षों का रोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अभिप्रेरित किया गया।

दिनांक 15.08.2021 को 75वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन कोविड–19 के दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों व स्वयंसेविकाओं ने भी भागीदारी सुनिश्चित कर हरित परिसर विकास में अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया। दिनांक 20.08.2021 से 26.08.2021 तक महाविद्यालय में सद्भावना सप्ताह मनाया गया। 'नशा मुक्ति अभियान व सामाजिक सरोकार' विषय पर आधारित निम्नांकित ऑनलाईन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| निबन्ध प्रतियोगिता | – | नशा एक सामाजिक अभिशाप |
| पोस्टर | – | नशा विनाश का प्रतीक |
| स्लोगन | – | नशे के दुष्प्रभाव व बचाव |

इन सभी प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने ऑनलाईन मोड़ पर सक्रिय भागीदारी निभाई ।

माह सितम्बर में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में पेड़–पौधों में पानी डाला गया तथा परिसर की साफ–सफाई की गई।

दिनांक 02.10.2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती कोरोना गाईडलाइन की पालना सुनिश्चित करते हुए महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर "गांधीजी व शास्त्री विचारों की प्रांसगिकता" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सेमीनार की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा ने की। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में प्राचार्य डॉ. शर्मा ने गांधी और शास्त्री के विचारों की उच्चता और वैश्विक प्रासंगिकता विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि गांधी और शास्त्री के विचार भाषिक बंधनों में सीमित न रहकर जीवन चरित्र का आधार बनकर सार्थक सिद्ध होंगे। उन्होंने आहार, विहार, विचार, व्यवहार व संस्कार जैसे मुद्‌दों को केन्द्र में रखकर गांधी चिंतन की व्याख्या की।
वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सुशीला तिवाड़ी ने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन दृष्टांतों को रेखाकिंत कर उनके जीवन मूल्य से परिचय करवाया।
सेमीनार में कौशल आधारित शिक्षा, श्रम व कर्म के महत्त्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वस्थ भारत आदि महत्त्वपूर्ण पक्षों पर वृहद विश्लेषणात्मक व सारगर्भित समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ संकाय सदस्यों व स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन किया।
संगोष्ठी में महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने गांधीजी व शास्त्रीजी के जीवन से जुड़े महत्त्वपूर्ण प्रेरक प्रसंगों से स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को अवगत करवाया।

दिनांक 26.11.2021 को आजादी का अमृत महोत्सव एवं महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के कार्यक्रमों की श्रृंखला में संविधान दिवस मनाया गया।

प्राचार्य डॉ. सीताराम कुमावत ने संविधान के निर्माण की आवश्यकता तथा लोकतंत्र की सफलता में इसके महत्त्व को इंगित किया। इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। संविधान दिवस की 72वीं वर्षगांठ पर महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, गरिमा व प्रतिष्ठा की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेंडकर के जीवन व संविधान निर्माण में उनकी महत्ती भूमिका पर व्याख्यान दिया गया। स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किये।

इस अवसर पर ''डॉ. भीमराव अम्बेड़कर व भारतीय अर्थव्यवस्था' विषय पर डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउन्डेशन (अम्बेड़कर पीठ) मूण्डला, जयपुर द्वारा जिला व राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता महाविद्यालय में ऑनलाईन मोड़ पर आयोजित की गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीयन कार्य नवम्बर माह में प्रारंभ किया गया। महाविद्यालय परिसर में नोटिस बोर्ड, कक्षाओं के वाट्सअप ग्रुप में सूचना डाली गई। सम्पर्क में आए विद्यार्थियों में से मेहनती व सेवाभावी छात्र–छात्राओं का चयन कर पंजीयन फार्म भरवाए गए व नामांकन कार्य किया गया। नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह व दिसम्बर माह के प्रथम सप्ताह के मध्य नामांकन व पंजीयन कार्य पूर्ण किया गया।

01 दिसम्बर 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव व महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला में 'विश्व एड्स दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. अमिता कुमारी, सहायक आचार्य, प्राणिशास्त्र रही। डॉ. अमिता कुमारी ने छात्र–छात्राओं को एड्स बीमारी के कारण व इससे बचाव के

बारे में जानकारी दी। उन्होनें इस अवसर पर एड्स से संबधित समाज में फैली विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर अन्य संकाय सदस्यों ने भी एड्स से संबंधित जानकारी छात्र–छात्राओं को दी।

10 दिसम्बर 2021 को महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अन्तर्गत आयोजित किए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृखंला में दिनांक 10.12.2021 को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर 'सूचना का अधिकार' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता श्री सुरेश चन्द्र जाट ने सूचना के अधिकार एवं मानव अधिकारों के बारे में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा छात्रों को सूचना के अधिकार के तहत सूचना प्राप्त करने के विभिन्न स्तरों पर विविध तरीकों की जानकारी दी तथा स्वयंसेवको एवं स्वयंसेविकाओं को सूचना के अधिकार तथा मानवाधिकारों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

15 दिसम्बर 2021 को महाविद्यालय में संचालित तीनों इकाइयों का अभिविन्यास कार्यक्रम शुरू हुआ। इस अभिविन्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सीताराम कुमावत ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शिक्षाविद् श्री हुक्माराम ओला ने स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं के व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका तथा वर्तमान परिस्थितियों में इनकी समाज में भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होनें स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को

चरित्र निर्माण, स्वास्थ्य, पर्यावरण, जागरूकता, ईमानदारी आदि गुणों को अपनाने पर बल दिया।

16 दिसम्बर को अभिविन्यास कार्यक्रम के दूसरे दिन प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा ने स्वयंसेवकों को श्रमदान एवं पर्यावरण के महत्त्व के बारे में जानकारी दी। इस दिन स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई की तथा पेड़–पौधों में पानी दिया तथा पक्षियों के लिए परिण्डों में पानी डालने का कार्य किया।

दिनांक 17 दिसम्बर 2021 को अभिविन्यास कार्यक्रम के तीसरे दिन श्री सुरेश चन्द्र जाट ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, राष्ट्रीय सेवा योजना के बैज, स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं के कर्त्तव्य इत्यादि के बारे में विस्तार से बता कर स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को अभिविन्यासित किया। तत्पश्चात स्वयेसेवकों ने कालाडेरा ग्राम में कोरोना जागरूकता, स्वच्छता से संबंधित नारे लगाते हुए रैली निकाली।

दिनांक 18 दिसम्बर 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्त्वावधान में प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सीताराम कुमावत ने की। इस शिविर के तहत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर के मुख्य द्वार, सड़क, कैन्टीन, खेलकूद, मैदान में साफ–सफाई व पेड़–पौधों को पानी देने का कार्य किया।

दिनाकं 21 दिसम्बर से 27 दिसम्बर तक राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर गोद ली गई बस्तियों में आयोजित किया गया, जिसकी रिपोर्ट पृथक से महाविद्यालय के पत्र क्रमांक एफ–2()/अकाद/सकाका/21/2026, दिनांक 11.01.2022 द्वारा प्रेषित कर दी गई है। जनवरी माह में दिनांक 12 जनवरी 2022 को स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर वर्चुअल प्रतियोगिता ऑनलाईन मोड़ में आयोजित की गई। इस अवसर पर "स्वामी विवेकानन्द के दर्शन की प्रासंगिकता " विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं " स्वामी विवेकानन्द का कृतित्व व व्यक्तित्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता (विडियो मोड़ में) तथा "स्वामी विवेकानन्द के जीवन–दर्शन" से संबंधित स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जनवरी माह में दिनांक 13 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का द्वितीय एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा ने की। एक दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई की तथा पेड–पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाने का कार्य किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को कोरोना से बचाव हेतु बार–बार हाथ धोने, मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने हेतु आवश्यक उपाय के संबंध में बताकर जागरूक किया गया।

दिनांक 25 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्त्वावधान में राष्ट्रीय मतदान दिवस मनाया गया। इस अवसर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीताराम कुमावत ने की। उन्होने छात्रों को स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनावों में सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं सहित महाविद्यालय के छात्रों एवं संकाय सदस्यों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

दिनांक 26 जनवरी 2022 को महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने भी सहभागिता निभाई।

दिनांक 07 फरवरी 2022 को तृतीय एक दिवसीय शिविर का महाविद्यालय में आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने पॉलिथीन/प्लास्टिक मुक्त परिसर थीम पर महाविद्यालय परिसर में थैलियों एवं प्लास्टिक के कचरे को एकत्रित किया तथा उसका उचित निष्पादन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना उद्यान, विज्ञान भवन परिसर व मुख्य भवन परिसर की साफ–सफाई तथा पेड़–पौधों में जल से सींचने के कार्य को सम्पन्न किया। इस शिविर के दौरान स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए इस लत से दूर रहने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा ने स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं को सेवा व श्रम के महत्त्व को रेखांकित किया तथा उन्नत राष्ट्र व समाज निर्माण में उनकी उल्लेखनीय भूमिका की आवश्यकता पर बल दिया।

आजादी के 75वें वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृखंला में प्रसिद्ध गांधीवादी एस.एन. सुब्बाराव जी की जंयती से दिनांक 10–19 फरवरी 2022 के मध्य राष्ट्रीय युवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवधि में "गांधी अतीत ही नहीं भविष्य भी है" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। "गांधीजी के रचनात्मक कार्य" विषय पर भाषण प्रतियोगिता तथा "गांधी भजन और सुब्बाराव जी" विषय पर भजन गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं न उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

दिनांक 23 मार्च 2022 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्त्वावधान में शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव के भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अमूल्य योगदान व उनके जीवन के विविध प्रेरक प्रसंगों से स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं को अवगत करवाया गया।

मार्च माह के अंतिम सप्ताह में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनो इकाइयों के संयुक्त तत्त्वावधान में "My vote is my future – Power of one vote" की थीम पर विविध राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। ऑनलाईन मोड पर गाना, विडियों, पोस्टर, नारा, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं में स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

**कार्यक्रम अधिकारी**

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. कमल किशोर वर्मा | श्रीमती नीतू यादव | डॉ. अनिल कुमार यादव |
| (इकाई–प्रथम) | (इकाई–द्वितीय) | (इकाई–तृतीय) |

25.4.22

प्राचार्य

सेठ आर एल सहरिया राजकीय पी जी महाविद्यालय,

कालाडेरा, जयपुर



महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण करते हुए पूर्व विधायक, प्राचार्य एवम स्वयंसेवक ।



महाविद्यालय परिसर में परिण्डे बांधते हुए स्वयंसेवक



संविधान दिवस



महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती




आमुखीकरण कार्यक्रम



एक दिवसीय शिविर में श्रमदान




सात दिवसीय विशेष शिविर में उद्घाटन सत्र में स्वयंसेविका व स्वयंसेवक को संबोधित करते हुए राज्य समन्वयक व अधिकारी।



विशेष शिविर के उद्घाटन में उपस्थित संकाय सदस्य व स्वयंसेविका और स्वयंसेवक




कोरोना जागरूकता रैली



योगाभ्यास करते हुए स्वयं सेवक

Insert text here

दैनिक भास्कर जयपुर जिला चौमू 02-12-2021

# एड्स रोग से बचाव के उपायों की दी जानकारी

सांभरलेक ग्रामीण। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) जयपुर जिला हरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश) बृजेश कुमार, सांभर लेक के निर्देशन में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कस्बे के नकाशा मोहल्ला में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता असरार उस्मानी ने ग्रामवासियों को एड्स जैसी घातक बीमारी से बचाव के उपाय बताए। साथ ही एड्स से बचने के बारे विस्तृत जानकारी दी। विधिक सेवा समिति सांभरलेक के प्रभारी चान्दमल सांभरिया ने यह जानकारी दी

कालाडेरा। कस्बे स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव व महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य आर.के.शर्मा ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्राणी शास्त्र सहायक आचार्य अमिता ने छात्र-छात्राओं को एड्स के कारण व इससे बचाव साथ ही संबंधित समाज में फैली विभिन्न भ्रांतियां को दूर करने की आवश्यकता बताई।

19

दैनिक भास्कर जयपुर जिला चौमू 11-12-2021

जयपुर

# कालाडेरा में मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी हुई

कालाडेरा| कस्बे में स्थित राजकीय आरएल सहरिया पीजी महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत की स्वतंत्रता की वर्षगांठ के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रंखला में शुक्रवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सूचना का अधिकार विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य सीताराम कुमावत ने की। मुख्य वक्ता सुरेश चंद्र जाट ने सूचना के अधिकार व मानव अधिकारों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

दैनिक भास्कर जयपुर जिला 16-12-2021

दैनिक भास्कर

# अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

कालाडेरा। कस्बे में स्थित राजकीय आरएल सहरिया पीजी महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत संचालित तीनों इकाइयों का तीन दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

प्रथम दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हुकमाराम ओला ने स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कि समाज में क्या भूमिका हो उसके बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय प्राचार्य सीताराम कुमावत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम अधिकारी अनिल यादव ने बताया कि स्वयंसेवकों के अभिमुखीकरण का यह कार्यक्रम 3 दिनों तक चलेगा। जिसमें स्वयंसेवकों को विभिन्न वक्ताओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व, उद्देश्य व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को लेकर जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी केके वर्मा, नीतू यादव, एनएसए सलाहकार समिति संयोजिका मीरा सिंह, सदस्य मंगलचंद, महेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।


कार्यालय नगर परिषद

क्रमांक/चिकारा/2021–22/2525

–:: निविदा सूचना संख्या

नगर परिषद जैसलमेर की ओर से नगर परिष... विभागों में "ए" व 'एए' श्रेणी में पंजीकृत संवेद... निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से... निविदा की शर्तें आदि वेबसाईट h... http://sppp.rajasthan.gov.in पर देख... एन नं. DLB2122WSOB20586 NIB Code

सभापति राज. संवाद/सी/0

ीन दिवसीय अभिमुखीकरण शिविर शुरू

# स्वयंसेवकों को दी व्यक्तित्व विकास की जानकारी



लाडेरा. अभिमुखीकरण शिविर में मौजूद स्वयंसेवक।


पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

त्रिका न्यूज़ नेटवर्क
tika.com

लाडेरा. कस्बे के सेठ एल सहरिया राजकीय पीजी विद्यालय में बुधवार को ीय सेवा योजना की तीनों इयों का तीन दिवसीय अभिमुखीकरण शिविर प्राचार्य डॉ.सीताराम कुमावत की अध्यक्षता में शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद हुकमाराम ओला ने स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका, वर्तमान परिस्थितियों में स्वयंसेवक की समाज में भूमिका के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि कार्यशाला में स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व, उद्देश्यों एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के लिए जागरूक किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के.के. वर्मा, डॉ. नीतू यादव, एनएसएस सलाहकार समिति की संयोजिका डॉ. मीरासिंह, सदस्य डॉ. मंगलचन्द एवं डॉ.महेन्द्र शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। (निसं.)

Scanned with CamScanner

# स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान



कालाडेरा के सहरिया कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान श्रमदान करते स्वयं सेवक।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

कालाडेरा. कस्बे के सेठ आरएल सहरिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाई के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.राजेन्द्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए शिविर में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि शिविर के दौरान स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर में पौधों की सुरक्षा को लेकर 50 ट्री गार्ड लगाने का कार्य भी किया इसके अलावा स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कोरोना से बचाव के उपायों को लेकर भी जानकारी दी। वहीं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.के.के. वर्मा एवं डॉ.नीतू यादव ने भी स्वयंसेवकों को कोरोना संक्रमण को लेकर जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को कोरोना से बचाव के लिए बार-बार हाथ धोने, मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करने के लिए भी प्रेरित किया गया।(नि.सं.)

दैनिक भास्कर

जयपुर जिला चौमू 22-12-2021

# राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



कालाडेरा | कस्बे में स्थित राजकीय आरएल सहरिया महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। साथ ही गांधी दर्शन की वर्तमान में प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय विचार संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बनय सिंह ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना को समाज से जोड़ने का आह्वान किया तथा गांधी के सत्य अहिंसा अपरिग्रह जैसे सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर समकालीन समाज की चुनौतियों से निपटने हेतु गांधी के बताए मार्ग पर चलने की अपील की। एमआर सैनी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा हेतु प्रेरित किया व राष्ट्रीय सेवा योजना में श्रमदान पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सीताराम कुमावत ने की। इस मौके पर तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी केके वर्मा, अनिल कुमार यादव, नीतू यादव, मीरा सिंह, रजनी मीणा, हरिनारायण मौर्य, राना ताज, सीताराम मीणा, राजेंद्र कुमार, फूलचंद महोलिया, मंगलचंद, सीमा पारीक, मान प्रकाश मीणा, माली राम वर्मा, सुरेश चंद्र जाट, विरेंद्र कुमार, लोकेश कुमार मीणा, संजय कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार लोढ़ा, राजेश्वर प्रसाद सहित अमिता कुमारी आदि मौजूद थे।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर

# प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा



चौमूं के राजकीय कन्या महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्राएं।



कालाडेरा स्थित आरएल सहरिया सरकारी कॉलेज में शिविर के दौरान संबोधित करते अतिथि व मौजूद स्वयंसेवक।

**पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**चौमूं.** शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर के प्रारंभिक सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिलाषा जैमन ने योग का महत्व बताया। छात्रा धर्मा जाट ने स्वयं सेविकाओं को योगाभ्यास करवाया।

स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई कार्य किया। साथ ही बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ विषय पर स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में मनीषा और प्रियंका यादव का ग्रुप प्रथम और निशा कंचन का ग्रुप द्वितीय रहा। स्लोगन प्रतियोगिता में तनु शर्मा, तनुजा और सुनीता शर्मा का गुरप प्रथम रहा। इस मौके पर इकाई प्रथम प्रभारी डॉ. जैमन एवं इकाई द्वितीय के प्रभारी डॉ. सांवरमल जाट के समक्ष साझा किया।(कासं.)

**कालाडेरा.** कस्बे के सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। इस दौरान गांधी दर्शन की वर्तमान में प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य समन्वयक डॉ. बनय सिंह, मुख्य अतिथि मत्स्य विश्वविद्यालय पूर्व कुलपति प्रो.एम.आर.सैनी, राष्ट्रीय सेवा योजना सीकर जिला समन्वयक डॉ. हंसराज चौहान थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ.सीताराम कुमावत ने की।

मुख्य वक्ता डॉ. बने सिंह ने कहा कि स्वंयसेवक समाज को राष्ट्रीय सेवा योजना से जोडने का कार्य करें। उन्होंने स्वयंसेवकों से गांधी के सत्य, अहिंसा एवं अपरिग्रह जैसे सिद्धान्तों को जीवन में अपना कर समकालीन समाज की चुनौतियां से निपटने के लिए गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मत्स्य विश्वविद्यालय पूर्व कुलपति प्रो. एमआर सैनी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना में श्रमदान व पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन डॉ.अमिता कुमारी ने किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ.के.के.वर्मा, डॉ.अनिल यादव, डॉ.नीतू यादव, डॉ.मीरा सिंह, डॉ.रजनी मीणा, डॉ.सीताराम मीणा, डॉ.राजेन्द्र कुमार, डॉ.मानप्रकाश मीणा, डॉ.मालीराम वर्मा, जितेन्द्र लोढ़ा, डॉ.सीमा पारीक, डॉ.पीसी महोलिया, डॉ.मंगलचंद, डॉ.सुरेश जाट, डॉ.एचएन मौर्य आदि मौजूद थे। (निसं)

खबर को विस्तार से पढ़ें
patrika.com

## सेठ आर. एल. सहरिया राजकीय पी.जी. महाविद्यालय कालाडेरा, (जयपुर)

सेठ आर.एल. सहरिया राजकीय पी.जी. महाविद्यालय कालाडेरा में "राष्ट्रीय सेवा योजना" की तीन इकाइयाँ संचालित है। वर्षवार राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र.सं. | सत्र | संचालित गतिविधियाँ | विशेष उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2013–14 | जुलाई 2013 तीनो इकाइयों के स्वयं सेवकों का पंजीयन एवं महोत्सव का आयोजन। अगस्त 2013 एक दिवसीय शिविर का आयोजन 20 अगस्त सदभावना दिवस। सितम्बर 2013 – 8 सितम्बर अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन, 15 सितम्बर अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस, 24 सितम्बर राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस, अक्टूबर 2013 राष्ट्रीय रक्तदान दिवस। अक्टूबर 13 द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन, नवम्बर 13 – 19. 11.2013 से 25.11.2013 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन जिसमें राष्ट्रीय एकता पर्यावरण सांस्कृतिक एकता महिला शिक्षा को बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन दिसम्बर 2013 – 01.12.2013 विश्व एड्स दिवस, 10.12.2013 मानवाधिकार दिवस, जनवरी 14.12.2019 जनवरी युवा सप्ताह 13.01.2014 तृतीय एक दिवसीय शिविर फरवरी 14, महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान, मार्च 14, 8 मार्च अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस। | 2 अक्टूबर 2013 रैली के माध्यम से सदभावना जागरूकता गोद ली गई बस्ती में। दिसम्बर 13 राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में छात्र अभिरूप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। |
| 2 | 2014–15 | जुलाई 2014 स्वयं सेवकों का पंजीयन, 17 जुलाई वृक्षारोपण, अगस्त 2014 स्वयं सेवकों का आमुखीकरण, 20.08. 2014 सदभावना दिवस, सितम्बर 2014 व सितम्बर 14 को प्रथम एक दिवसीय शिविर, 02.10.2014 द्वितीय एक दिवसीय शिविर, 19 जनवरी 2015 को तृतीय एक दिवसीय शिविर, 11.09.2014 को आपदा प्रबंधन पर जानकारी, 12.09. 2014 को इन्टरनेट सम्बन्धी व्याख्यान 24.09.2014 राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस 30.09.2014 को स्वच्छता अभियान, 31. 10.2014 सरदार वल्लभ भाई पटेल | 15.09.2014 को अन्तर्राष्ट्रीय शांति दिवस एवं रैली आयोजन, 19.09.2014 को मनरेगा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन। दिसम्बर 2014, 2 दिवसीय एड्स जागरूकता कार्यशाला का आयोजन व रैली। 16.02.2015 से 22.02.2015 सड़क सुरक्षा सप्ताह। |

प्राचार्य
सेठ आर एल सहरिया राजकीय पी.जी. महाविद्यालय
कालाडेरा, जयपुर

Scanned by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | एकता दिवस, 19–25 नवम्बर कौमी एकता सप्ताह का आयोजन, 10 दिसम्बर 14 विश्व मानवाधिकार दिवस। 22.12.2014 से 28.12.2014 सात दिवसीय विशेष शिविर विषय "स्वच्छता जन स्वास्थ्य एवं स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत" 12 जनवरी 2015 राष्ट्रीय युवा दिवस, 8 मार्च 2015 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस। | |
| 3 | 2015 – 16 | जुलाई 2015 स्वयं सेवकों का पंजीयन, आमुखीकरण वर्ष पर्यन्त चलने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी वृक्षारोपण अगस्त 2015, 20.08.2015 सदभावना दिवस, 24.08.2015 प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन, 26.11.2015 द्वितीय एक दिवसीय शिविर, 18.01.2016 तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन, सितम्बर 2015 – 24.09.2015 राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस, अक्टूबर 2015 – 02.10.2015 अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस 31.10.2015 एकता दिवस, नवम्बर 15 – 19.25 नवम्बर 2015 कौमी एकता सप्ताह के दौरान शपथ, 27.11.2015 झण्डा दिवस, सितम्बर 15 – 01.12.2015 विश्व एड्स दिवस, जागरूकता रैली 10.12.2015 विश्व मानवाधिकार दिवस, 21.12.2015 से 27.12.2015 सात दिवसीय विशेष शिविर स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत, 12.01.2016 राष्ट्रीय युवा दिवस, 12.01.216 – 19.01.2016 युवा सप्ताह। | 04.09.2015 राष्ट्रीय एकीकरण एवं साम्प्रदायिक सदभावना विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन।<br>10.09.2015 मनरेगा पर संगोष्ठी आयोजन।<br>25.09.2015 प.दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर रक्तदान का आयोजन कर 48 यूनिट रक्त संग्रहित किया या।<br>10.04.2016 – 16.04.2016 सड़क सुरक्षा सप्ताह। |
| 4 | 2016–17 | जुलाई 16 स्वयं सेवकों का पंजीयन, वृक्षारोपण, गतिविधियों के बारे में स्वयं सेवकों को अवगत कराया, सितम्बर 16 अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस 24.09.2016 प्रथम एक दिवसीय शिविर 14.10.2016 द्वितीय एक दिवसीय शिविर 13.01.2017 तृतीय एक दिवसीय शिविर 19.10.2016 उठो। जागो।। युवा प्रेरणा प्रतियोगिता। | |
| 5 | 2017–18 | जुलाई 17 स्वयं सेवकों का पंजीयन आमुखीकरण वृक्षारोपण, अगस्त 17 स्वच्छता पखवाड़ के तहत जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण हेतु विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन, | अगस्त 17 स्वच्छता हेतु रैली आयोजन।<br>28.09.2017 रैली कार रिवर जल संरक्षण कार्यक्रम।<br>24–25 अक्टूबर 17 जयपुर सम्भाग के |

प्राचार्य
सेठ आर एल सहरिया राजकीय पी.जी. महाविद्यालय
कालाडेरा, जयपुर

Scanned by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **सितम्बर** 07.09.2017 **प्रथम** एक **द्विवसीय** शिविर, 11.10.2017 **द्वितीय** एक दिवसीय शिविर, 13.01.2018 तृतीय एक दिवसीय शिविर।<br>24.09.2017 राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस।<br>02.10.2017 गांधी जयन्ती पर जल संरक्षण अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प, 27.10.2017 एक भारत श्रेष्ठ भारत हेतु एकता दौड।<br>**दिसम्बर** 17 – 01.12.2017 विश्व एड्स दिवस, 10.12.2017 मानवाधिकार दिवस, 20.12.2017 से 26.12.2017 सात दिवसीय विशेष शिविर, जनवरी 18 युवा सप्ताह, शहीद दिवस गणतंत्र दिवस आदि। | कार्यक्रम अधिकारियों व स्वयंसेवको की कार्यशाला का आयोजन। |
| 6 | 2018–19 | जुलाई 18 तीनो इकाइयो के स्वयं सेवको का पंजीयन, 300 पौधे लगाये वृक्षारोपण अभियान के तहत अगस्त 18 सदभावना दिवस, सितम्बर–18 04.09. 2018 एक दिवसीय शिविर, 05.09.2018 **शिक्षक** दिवस, 06.09.2018 महात्मा गांधी का ग्राम स्वराज्य का विचार आज भी प्रासंगिक है विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन। 24.09.2018 हिन्दी दिवस, 20.09.2018 सामाजिक ससरसता व गांधी विषय पर निबन्ध। | 02.10.2018 गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर 40 यूनिट रक्त संग्रहित करवाया।<br>अक्टूबर 18 केरल बाढ पीडीतों की सहायतार्थ 35 हजार रूप्ये एकत्रत कर ड्राफ्ट बनवाकर भिजवाया। |

प्राचार्य
सेठ आर एल सहरिया राजकीय पी.जी. महाविद्यालय
कालाडेरा, जयपुर

Scanned by CamScanner

राजस्थान पत्रिका 19 दिसम्बर 2021।

## एनएसएस शिविरों का आयोजन

# स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**कालाडेरा.** कस्बे के सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सीताराम कुमावत की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि शिविर के तहत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर के मुख्य द्वार, सड़क, कैंटीन, खेलकूद व एनएसएस मैदान में साफ-सफाई व पेड़-पौधों को पानी देने का कार्य किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के.के. वर्मा व डॉ. नीतू यादव ने बताया कि 21 दिसम्बर से होने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर डॉ. मीरा सिंह, डॉ. पीसी महोलिया, डॉ. मंगलचंद, डॉ. सुरेश जाट, डॉ. एसएन मौर्य, रणजीत सिंह बुढ़ानिया आदि मौजूद थे।



**कालाडेरा.** शिविर में साफ-सफाई करते स्वयंसेवक।



सामोद में महिला कौशल विकास शिविर के दौरान अतिथि व महिलाएं।

**चौमूं.** शहर में मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर प्राचार्य डॉ. शम्भूदयाल गुप्ता के सानिध्य में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान इकाई प्रभारी सांवरमल जाट व डॉ. अभिलाषा जैमन की ओर से स्वयंसेविकाओं को अलग अलग ग्रुप में बांटा। स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया। (कासं)

## महिला कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू

**सामोद.** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से जुड़े नेहरू युवा केंद्र जयपुर के तत्वावधान में पंचायत समिति गोविंदगढ़ की ग्राम पंचायत सामोद में अल्पकालीन महिला कौशल विकास प्रशिक्षण का उद्घाटन नाथूराम जाट की अध्यक्षता में किया। मुख्य अतिथि शासी निकाय सदस्य राजेंद्रप्रसाद सैन ने महिलाओं को कौशल विकास को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित होकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षिका ममता शर्मा ने महिलाओं को सिलाई कढ़ाई एवं हैंडीक्राफ्ट की कई चीजें बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान संजीव कुमार मीणा, मुस्कान शर्मा, राजू सैनी, विजय लक्ष्मी सेन, नेहा सैनी, संतोष वर्मा, रविता आलोरिया, शीला उजेनिया, पिंकी शर्मा, दीपिका टेलर आदि उपस्थित रहे।

**गोविंदगढ़.** कस्बे के श्री गंगा सिंह कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय एनएसएस शिविर का शनिवार को समापन हो गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों ने प्राचार्या डॉ. रचना सक्सेना के नेतृत्व में कॉलेज परिसर सहित नलिकपुर स्थित बैरावाली ढाणी में साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। निदेशक राहुल बधाला, बनवारी निठारवाल एवं कार्यक्रम अधिकारी मीना टेलर ने स्वयंसेवकों को शिविर की उपयोगिता एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर

# प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा



चौमूं के राजकीय कन्या महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्राएं।



कालाडेरा स्थित आरएल सहरिया सरकारी कॉलेज में शिविर के दौरान संबोधित करते अतिथि व मौजूद स्वयंसेवक।

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**चौमूं.** शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर के प्रारंभिक सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिलाषा जैमन ने योग का महत्व बताया। छात्रा धर्मा जाट ने स्वयं सेविकाओं को योगाभ्यास करवाया।

स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई कार्य किया। साथ ही बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ विषय पर स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में मनीषा और प्रियंका यादव का ग्रुप प्रथम और निशा कंचन का ग्रुप द्वितीय रहा। स्लोगन प्रतियोगिता में तनु शर्मा, तनुजा और सुनीता शर्मा का ग्रुप प्रथम रहा। इस मौके पर इकाई प्रथम प्रभारी डॉ. जैमन एवं इकाई द्वितीय के प्रभारी डॉ. सांवरमल जाट के समक्ष साझा किया।(कासं.)

**कालाडेरा.** कस्बे के सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। इस दौरान गांधी दर्शन की वर्तमान में प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य समन्वयक डॉ. बनय सिंह, मुख्य अतिथि मत्स्य विश्वविद्यालय पूर्व कुलपति प्रो.एम.आर.सैनी, राष्ट्रीय सेवा योजना सीकर जिला समन्वयक डॉ. हंसराज चौहान थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ.सीताराम कुमावत ने की।

मुख्य वक्ता डॉ. बने सिंह ने कहा कि स्वयंसेवक समाज को राष्ट्रीय सेवा योजना से जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने स्वयंसेवकों से गांधी के सत्य, अहिंसा एवं अपरिग्रह जैसे सिद्धान्तों को जीवन में अपना कर समकालीन समाज की चुनौतियां से निपटने के लिए गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मत्स्य विश्वविद्यालय पूर्व कुलपति प्रो. एमआर सैनी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना में श्रमदान व पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन डॉ.अमिता कुमारी ने किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ.के.के.वर्मा, डॉ.अनिल यादव, डॉ.नीतू यादव, डॉ.मीरा सिंह, डॉ.रजनी मीणा, डॉ.सीताराम मीणा, डॉ.राजेन्द्र कुमार, डॉ.मानप्रकाश मीणा, डॉ.मालीराम वर्मा, जितेन्द्र लोढ़ा, डॉ.सीमा पारीक, डॉ.पीसी महोलिया, डॉ.मंगलचंद, डॉ.सुरेश जाट, डॉ.एचएन मौर्य आदि मौजूद थे। (निसं)

खबर को विस्तार से पढ़ें
patrika.com

12:53 PM 2.8KB/s 69

You
2 minutes ago

दैनिक भास्कर

जयपुर जिला चौमू 11-05-2021

दैनिक भास्कर

# सहरिया कॉलेज में ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के माध्यम से करेंगे कोरोना से जागरूक

**कालाडेरा** | कस्बे में स्थित राजकीय आर.एल.सहरिया महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 10 मई से 15 मई तक स्लोगन प्रतियोगिता विषय 'शब्दों का युद्ध कोरोना के विरुद्ध', चित्रकला प्रतियोगिता 16 मई से 21 मई तक विषय 'अपनों को जगाना है, कोरोनावायरस से बचाना है' तथा 22 मई से 27 मई तक निबंध प्रतियोगिता विषय 'स्वयं बचे, अपनों को बचाएं, कोरोना से मुक्त राजस्थान बनाएं' आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. पी.डी.जांगिड़ ने बताया कि यह सभी प्रतियोगिताएं वर्चुअल मोड (ऑनलाइन) पर होगी। प्राचार्य ने बताया कि जो स्वयंसेवक इन ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता है वह अपने स्वरचित स्लोगन, चित्र, तथा निबंध को निर्धारित समयावधि में महाविद्यालय के ईमेल rlscollegekaladera@gmail.com पर व संबंधित कार्यक्रम अधिकारी के वाट्सऐप नंबर पर भेजें। निबंध के लिए अधिकतम शब्द सीमा 300 शब्द होगी तथा एक स्वयंसेवक तीनों प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है। प्रत्येक प्रतियोगी अपनी प्रविष्टि पर स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं कक्षा आवश्यक रूप से लिखें।

दैनिक भास्कर
जयपुर जिला चौमू 11-12-2021

जयपुर

# कालाडेरा में मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी हुई

**कालाडेरा|** कस्बे में स्थित राजकीय आरएल सहरिया पीजी महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत की स्वतंत्रता की वर्षगांठ के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रंखला में शुक्रवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सूचना का अधिकार विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य सीताराम कुमावत ने की। मुख्य वक्ता सुरेश चंद्र जाट ने सूचना के अधिकार व मानव अधिकारों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# एड्स रोग से बचाव के उपायों की दी जानकारी

**सांभरलेक ग्रामीण**| जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) जयपुर जिला हरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश) बृजेश कुमार, सांभर लेक के निर्देशन में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कस्बे के नकाशा मोहल्ला में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता असरार उस्मानी ने ग्रामवासियों को एड्स जैसी घातक बीमारी से बचाव के उपाय बताए। साथ ही एड्स से बचने के बारे विस्तृत जानकारी दी। विधिक सेवा समिति सांभरलेक के प्रभारी चान्दमल सांभरिया ने यह जानकारी दी

**कालाडेरा**। कस्बे स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव व महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के कार्यक्रमों की श्रंखला में बुधवार विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य आर.के.शर्मा ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्राणी शास्त्र सहायक आचार्य अमिता ने छात्र-छात्राओं को एड्स के कारण व इससे बचाव साथ ही संबंधित समाज में फैली विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता बताई।




एनएसएस शिविरों का आयोजन

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरुकता रैली निकाली

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**चौमूं.** शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर के तहत गुरुवार को स्वयंसेविकाओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरुकता रैली निकाली। रैली को प्राचार्य शम्भूदयाल गुप्ता ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साथ ही कृष्णा कॉलोनी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटी अनमोल है, बेटी को बोझ ना समझें को लेकर समझाया। इसके बाद अग्निशमन कार्यवाहक अधिकारी अर्जुनलाल गुर्जर सहित फायरमैन अशोक सैनी, मीना नासमा, विनोद योगी ने गैस सिलेण्डर में आग लगने पर बुझाने के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सह आचार्य डॉ. कविता गौतम, डॉ. हेमलता, डॉ. तौफीक हुसैन, कम्प्यूटर अनुदेश शिव सैनी, इकाई प्रभारी सांवरमल जाट व डॉ. अभिलाषा जैमन आदि मौजूद थे।


चौमूं के राजकीय कन्या महाविद्यालय में रैली को रवाना करते प्राचार्य व अन्य।


कालाडेरा स्थित सहरिया कॉलेज में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करती वक्ता एवं उनका स्वागत करती छात्राएं।

## कार्यशाला का आयोजन : महिलाओं से जुड़े कानून की दी जानकारी

**कालाडेरा.** कस्बे के आरएल सहरिया राजकीय महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ एवं एनएसएस की महिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता अधिवक्ता सुश्री मीना पारीक ने छात्राओं को महिलाओं से जुड़े सरोकारों एवं महिलाओं के कानूनी संबंधी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं के सामान्य स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी विषय पर भी चर्चा की। अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सीताराम कुमावत ने की। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. राना राज ने बताया कि अधिवक्ता पारीक ने सैनेटरी नैपकिन और सैनेटाइजर का वितरण किया। उन्होंने महाविद्यालय में सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन एवं इंसिनिरेटर लगवाने की घोषणा की। कार्यक्रम में डॉ. आशा सक्सेना ने डॉक्यूमेंट्री फिल्म के जरिए छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। (निसं.)

राजस्थान पत्रिका 16 दिसम्बर 2021

तीन दिवसीय अभिमुखीकरण शिविर शुरू

# स्वयंसेवकों को दी व्यक्तित्व विकास की जानकारी



कालाडेरा. अभिमुखीकरण शिविर में मौजूद स्वयंसेवक।

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कालाडेरा.** कस्बे के सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों [illegible] का तीन दिवसीय अभिमुखीकरण शिविर प्राचार्य डॉ.सीताराम कुमावत की अध्यक्षता में शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद हुकमाराम ओला ने स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका, वर्तमान परिस्थितियों में स्वयंसेवक की समाज में भूमिका के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि कार्यशाला में स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व, उद्देश्यों एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के लिए जागरूक किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के.के. वर्मा, डॉ. नीतू यादव, एनएसएस सलाहकार समिति की संयोजिका डॉ. मीरासिंह, सदस्य डॉ. मंगलचन्द एवं डॉ.महेन्द्र शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। (निसं.)

राजस्थान पत्रिका 18 दिसम्बर 2021

## अभिमुखीकरण शिविर का समापन

**कालाडेरा.** सेठ आरएल सहरिया राजकीय पी.जी.महाविद्यालय में तीन दिवसीय अभिमुखीकरण शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्राचार्य सीताराम कुमावत ने कहा कि विद्यार्थियों को सामुदायिक सेवा की भावना अपनाते हुए व्यक्तित्व निर्माण की जरूरत है। मुख्य वक्ता सुरेश चंद जाट ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, कर्तव्य व राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अनिल यादव, डॉ.केके वर्मा, डॉ.नीतू यादव, डॉ.मीरा सिंह, एचएस मौर्य, रणजीत सिंह बुड़ानिया सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद थे।

# समाज में एड्स पीड़ितों से हो समानता का व्यवहार

**कालाडेरा @ पत्रिका.** कस्बे के सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव एवं महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया।

प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता प्राणी शास्त्र विषय की सहायक आचार्य डॉ. अमिता ने कहा कि एड्स को लेकर समाज में फैली भ्रांति को दूर करने की आवश्यकता है। एड्स पीड़ितों के साथ समाज में समानता का व्यवहार हो। विद्यार्थियों को एड्स के कारण व बचाव की जानकारी दी। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केके वर्मा, डॉ.अनिल यादव सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद थे। (निस)



कालाडेरा महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस मनाते हुए।



चौथवाड़ी महाविद्यालय में एड्स दिवस मनाते हुए।

**चौथवाड़ी.** कस्बा स्थित राजकीय लक्ष्मीनाथ शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय में प्राचार्य कैलाशचंद बुनकर की अध्यक्षता में बुधवार को विश्व एड्स पर कार्यशाला आयोजित हुई। प्राचार्य बुनकर ने कहा कि इस साल की थीम असमानताओं को खत्म करना और एड्स का खात्मा करना है। इस दौरान व्याख्याता वरिन्दर भट्टाचार्य, शक्तिसिंह, गजानन्द शर्मा, विमल कुमार,मंजू रैगर व अनोप देवी सहित विद्यार्थी मौजूद थे।(निस)

दैनिक भास्कर जयपुर जिला चौमू 22-12-2021

# राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



कालाडेरा | कस्बे में स्थित राजकीय आरएल सहरिया महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। साथ ही गांधी दर्शन की वर्तमान में प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय विचार संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बनय सिंह ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना को समाज से जोड़ने का आह्वान किया तथा गांधी के सत्य अहिंसा अपरिग्रह जैसे सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर समकालीन समाज की चुनौतियों से निपटने हेतु गांधी के बताए मार्ग पर चलने की अपील की। एमआर सैनी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा हेतु प्रेरित किया व राष्ट्रीय सेवा योजना में श्रमदान पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सीताराम कुमावत ने की। इस मौके पर तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी केके वर्मा, अनिल कुमार यादव, नीतू यादव, मीरा सिंह, रजनी मीणा, हरिनारायण मोर्य, राना ताज, सीताराम मीणा, राजेंद्र कुमार, फूलचंद महोलिया, मंगलचंद, सीमा पारीक, मान प्रकाश मीणा, माली राम वर्मा, सुरेश चंद्र जाट, विरेंद्र कुमार, लोकेश कुमार मीणा, संजय कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार लोढ़ा, राजेश्वर प्रसाद सहित अमिता कुमारी आदि मौजूद थे।

तीन दिवसीय अभिमुखीकरण शिविर शुरू

# स्वयंसेवकों को दी व्यक्तित्व विकास की जानकारी



कालाडेरा. अभिमुखीकरण शिविर में मौजूद स्वयंसेवक।

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कालाडेरा.** कस्बे के सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का तीन दिवसीय अभिमुखीकरण शिविर प्राचार्य डॉ.सीताराम कुमावत की अध्यक्षता में शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद हुकमाराम ओला ने स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका, वर्तमान परिस्थितियों में स्वयंसेवक की समाज में भूमिका के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि कार्यशाला में स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व, उद्देश्यों एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के लिए जागरूक किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के.के. वर्मा, डॉ. नीतू यादव, एनएसएस सलाहकार समिति की संयोजिका डॉ. मीरासिंह, सदस्य डॉ. मंगलचन्द एवं डॉ.महेन्द्र शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। (निसं.)

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर

जयपुर जिला 16-12-2021

दैनिक भास्कर

# अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

कालाडेरा। कस्बे में स्थित राजकीय आरएल सहरिया पीजी महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत संचालित तीनों इकाइयों का तीन दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

प्रथम दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हुकमाराम ओला ने स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कि समाज में क्या भूमिका हो उसके बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय प्राचार्य सीताराम कुमावत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम अधिकारी अनिल यादव ने बताया कि स्वयंसेवकों के अभिमुखीकरण का यह कार्यक्रम 3 दिनों तक चलेगा। जिसमें स्वयंसेवकों को विभिन्न वक्ताओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व, उद्देश्य व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को लेकर जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी केके वर्मा, नीतू यादव, एनएसए सलाहकार समिति संयोजिका मीरा सिंह, सदस्य मंगलचंद, महेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

**कार्यालय नगर परिषद्**

क्रमांक/विकास/2021-22/2525

-:: निविदा सूचना संख्या

नगर परिषद जैसलमेर की ओर से नगर परिष
विभागों में "ए" व 'एए' श्रेणी में पंजीकृत संवेद
निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा सं
निविदा की शर्ते आदि वेबसाईट h
http://sppp.rajasthan.gov.in पर देख
एन न. DLB2122WSOB20586 NIB Code
सभापति राज. संवाद/सी/9

Scanned with CamScanner

कैरियर एडवांसमेन्ट योजनान्तर्गत प्रोफेसर पद पर पदोन्नत किये जाने हेतु कार्मिक (क–ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा दिनांक 14.10.2022 को राजस्थान शिक्षा सेवा (महाविद्यालय शाखा) (संशोधन) नियम, 2022 के कम में जारी अधिसूचना के संबंध में

## सहमति–पत्र

1– मैं ........डॉ. अनन्ता माथुर........ कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत ........डीन्मार्ट........ (प्रोफेसर) वेतनमान हेतु पदोन्नति के लिए दिनांक 30-11-2015 से पात्र हूँ।

2– मैं उक्त पदोन्नति का लाभ पुराने नियम (यूजीसी रेग्यूलेशन, 2010, शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी पत्र कमांक एफ1(06)शिक्षा–4/2010 दिनांक 08.05.2013 एवं कार्मिक विभाग (A-Gr. II), राजस्थान सरकार द्वारा जारी अधिसूचना कमांक F.1(6)DOP/A-II/84 दिनांक 31.01.2018 में वर्णित प्रावधानों के तहत पूर्व में मेरे द्वारा भरे गए आवेदन पत्र के आधार पर लेना चाहता/चाहती हूँ। अतः जांच समिति द्वारा पूर्व में मेरे द्वारा भरे गए आवेदन पर ही विचार किये जाने हेतु मेरी पूर्ण सहमति है।

हस्ताक्षर: ........ [signature]

नाम: ........डॉ. अनन्ता माथुर

पद मय विषय: सह आचार्य (इतिहास)

महाविद्यालय का नाम: सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी कॉलेज कालाडेरा (जयपुर)

दिनांक: 6/1/22

घोषणा स्थान: कालाडेरा

---

उपर्युक्त प्राप्त किया

दिनांक: 09.01.2023

हस्ताक्षर प्राचार्य

प्राचार्य
सेठ आर एल सहरिया राजकीय पी.जी. महाविद्यालय
कालाडेरा, जयपुर

Scanned with OKEN Scanner


सेठ आर.एल.सहरिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाडेरा-जयपुर
हार्दिक अभिनन्दन
SPECIAL CAMP








(राष्ट्रीय सेवा योजना)
राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह
SPEED
DO NOT TAILGATE


राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई-तृतीय)
हार्दिक अभिनन्दन
R.L. SAHARIYA GOVT. COLLEGE, KALADERA (JAIPUR) RAJ.






सेठ आर.एल.सहरिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाडेरा-जयपुर
हार्दिक अभिनन्दन
SPECIAL CAMP


हम सब का
एक ही नारा


राष्ट्रीय सेवा योजना
रक्तदान
एक उत्तम राष्ट्र सेवा
सेठ आर. एल. सहरिया राजकीय
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाडेरा (जयपुर)




CAMP


राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई-तृतीय)
हार्दिक अभिनन्दन
R.L. SAHARIYA GOVT. COLLEGE, KALADERA (JAIPUR) RAJ.
NATIONAL SERVICE SCHEME (UNIT-I)
SPECIAL CAMP
R.L. SAHARIYA GOVT. COLLEGE, KALADERA (JAIPUR) RAJ.


CAMP





(राष्ट्रीय सेवा योजना)
राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह


राष्ट्रीय सेवा योजना


S.R.L.S. GOVT. P.G. COLLEGE
राष्ट्रीय सेवा योजना
KALADERA


राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई-तृतीय)
हार्दिक अभिनन्दन
KALADERA (JAIPUR) RAJ.




भूगोल विभाग









